दिन – मंगलवार दिनांक– 20 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 5 मिनट

---

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले की योजना और इसका संचालन सीमा पार से किया गया था। उन्होंने कहा कि इस हमले में शामिल आतंकवादी पाकिस्तान में बैठे मास्टरमाइंड के सीधे संपर्क में थे। श्री मिसरी ने विदेश मामलो के स्थायी समिति के समक्ष पाकिस्तान की आतंकवाद में संलिप्तता को लेकर कल यह जानकारी दी। विदेश सचिव ने समिति को बताया कि पाकिस्तान आज भी आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादी खुलेआम पाकिस्तान की जमीन से काम करे रहे है और भारत के खिलाफ हिंसा भड़का रहे हैं। समिति के सदस्यों के सवाल का जवाब देते हुए विदेश सचिव ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह पारंपरिक था और इस ऑपरेशन में पाकिस्तान के किसी भी परमाणु ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया। विदेश सचिव ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावे को खारिज करते हुए कहा कि संघर्ष विराम एक द्विपक्षीय निर्णय था।

———————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों द्वारा बहुदलीय शिष्टमंडल में शामिल नामों पर विवाद को गैर जरूरी बताया है। श्री पासवान ने कहा कि विपक्ष को अंतरराष्ट्रीय विषयों पर विवाद नहीं करना चाहिए। इससे भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि खराब होती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद भारत–पाकिस्तान के बीच संघर्ष के मुद्दे को लेकर विश्व बिरादरी के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए योग्य लोगों का शिष्टमंडल गठित किया है। यह निर्णय स्वागत योग्य है। इससे भारत का पक्ष और मजबूत होगा।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत एक हजार करोड़ रूपये की लागत वाली तेरह सौ से अधिक योजनाओं का शिलान्यास

करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री पटना स्मार्ट सिटी मिशन परियोजना के अन्तर्गत ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों के जलस्तर की रियल टाईम निगरानी के लिए नई व्यवस्था का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम शाम चार बजे पटना स्मार्ट सिटी भवन में आयोजित किया जाएगा।

—————————————————————

राज्य के अधिकतर भागों में प्री–मॉनसून परिस्थितियों के कारण आंधी–बारिश का सिलसिला जारी है। कुछ स्थानों पर वज्रपात की घटना भी हुई है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे अधिक बारिश सत्तासी दशमलव आठ मिलीमीटर अररिया के जोकिहाट में दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, रोहतास, औरंगाबाद, गया समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर आंधी–बारिश की चेतावनी दी है। इधर, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार ने खराब मौसम के दौरान लोगों से सतर्क और सावधान रहने की अपील की है।

—————————————————————

कर्नल सोफिया कुरैशी के विरूद्ध मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के अशोभनीय टिप्पणी के खिलाफ इंडिया गठबंधन के दलों ने शेखपुरा में प्रतिरोध मार्च निकाला। आक्रोशित कार्यकर्ता मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

—————————————————————

बिहार अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने समस्तीपुर सदर अस्पताल के हेल्थ मैनेजर विश्वजीत रामनंद को शव वाहन के चालक जयराम सिंह से चार हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

—————————————————————

अररिया जिले के सिकटी में एसएसबी और पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर चौवन लीटर नेपाली शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इधर, मधुबनी जिले के जयनगर में एसएसबी जवानों ने सीमा क्षेत्रों में गश्ती के दौरान एक तस्कर को भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ गिफ्तार किया है।

—————————————————————

कैमूर जिले के भभुआ में अपराधियों ने पेट्रोल पम्प कर्मी मनोज बैठा की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्यारे ने बाद में भभुआ थाने में सरेंडर कर दिया। इधर, मृतक के परिजनों ने हत्याकांड के खिलाफ अस्पताल परिसर में हंगामा किया।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में जंगल से भटककर एक भालू नौरंगिया के केरई गांव में पहुंच गया। वाल्मिकी टाईगर रिजर्व के वन कर्मियों ने भालू का सुरक्षित रेस्क्यू किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।